# कर ले भजन तू भाव से ये रात हो ना हो लिरिक्स

कर ले भजन तू भाव से,
ये रात हो ना हो,
कल का है आसरा क्या,
यूँ बात हो ना हो,
कर ले भजन तु भाव से।bd।

तर्ज – लग जा गले।

---

कीर्तन की एक रात ये,
मिलती नसीब से,
दीखता है हमको सांवरा,
इतने करीब से,
यूँ रूबरू मिलन की फिर,
सौगात हो ना हो,
कल का है आसरा क्या,
यूँ बात हो ना हो,
कर ले भजन तु भाव से।bd।

---

तू सांवरे को प्रेम से,
जी भर निहार ले,
सब गलतियों को मान ले,
जीवन सुधार ले,
किरपा की जाने फिर कभी,
बरसात हो ना हो,
कल का है आसरा क्या,
यूँ बात हो ना हो,
कर ले भजन तु भाव से।bd।

---

मेवों से ना मिष्ठान से,
पकवान से नहीं,
ये रीझता वही पे है,
गर हो भजन कहीं,
‘गुलशन’ लगा ले हाजरी,
औकात हो ना हो,
**Bhajan Diary Lyrics,**
कल का है आसरा क्या,
यूँ बात हो ना हो,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के ऑफलाइन अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

कर ले भजन तू भाव से,
ये रात हो ना हो,
कल का है आसरा क्या,
यूँ बात हो ना हो,
कर ले भजन तु भाव से।bd।

**Singer – Sonu Rastogi**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com